दैनिक भास्कर बुरहानपुर 12-05-2024

# नेपा लिमिटेड में सीएमडी ने दिलाई अफसर और कर्मचारियों को शपथ

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

13 मई को होने जा रहे लोकसभा चुनाव के लिए स्वीप गतिविधियों के तहत आमजन को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत शनिवार को एशिया महाद्वीप की सबसे पुरानी और सबसे बड़ी भारत सरकार की पेपर मिल नेपा लिमिटेड में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक राकेश कुमार चोखानी के नेतृत्व में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न गतिविधियों जैसे रंगोली प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता के माध्यम से कर्मचारियों और अधिकारियों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

मिल के जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया पिछले कई दिनों से मतदान के महत्व को लेकर नेपा लिमिटेड में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सीएमडी राकेश कुमार चोखानी द्वारा नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक कार्यालय में कर्मचारियों और अधिकारियों को शत प्रतिशत मतदान के लिए संकल्प दिलाया गया। उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का संविधान 18 साल या उससे अधिक आयु के हर भारतीय नागरिक को मतदान का अधिकार देता है। ऐसे में हम सभी का दायित्व है कि लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। लोकतंत्र में मतदान हमारा अधिकार भी है और जिम्मेदारी भी। जिसे हम सभी ने निर्भय होकर पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ निभाना चाहिए। इस अवसर पर रंगोली और नारा लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान नेपा मिल के महाप्रबंधक विपणन अजय गोयल, उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत विभाग सुमंत कानफाड़े, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक सतर्कता विभाग एके त्यागी, उप प्रबंधक वित्त, लेखा सीएन वर्मा, नेपा मिल श्रमिक संघ के संजय पवार सहित मिल के अफसर व कर्मचारी मौजूद थे।



शपथ के दौरान उपस्थित असर, कर्मचारी।

## प्रतियोगिता में इन्हें किया गया पुरस्कृत

नारा लेखन प्रतियोगिता में आईटी विभाग की प्रशिक्षु कनक एकनाथ गुरव को प्रथम, सामान्य प्रशासन विभाग की खुशी पदराम को द्वितीय व कार्मिक एवं प्रशासन विभाग की सुषमा गौर को तृतीय पुरस्कार दिया गया। विपणन विभाग के प्रशांत सोनी, सतर्कता विभाग के विवेक भागवत को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। रंगोली में काजोल बुग्गीवाला, सुषमा गौर, लक्ष्मी सेन, सपना दुबे, अदिति कलोसिया, कनक गुरव, प्रियंका गाढ़े, पल्लवी पटेल, तारणी नागवंशी को सम्मानित किया गया।

अभियान

# नेपा मिल के सीएमडी ने कर्मचारियों को दिलाई

# मजबूत सरकार के लिए मतदान करना हम स

नईदुनिया संजय चौहान 9406689018



नेपा मिल के कर्मचारियों को मतदान की शपथ दिलाते सीएमडी चोखानी। • नईदुनिया

नईदुनिया न्यूज, नेपानगरः सोमवार को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए शनिवार को नेपा लिमिटेड के सीएमडी राकेश कुमार चोखानी ने कर्मचारियों को शपथ दिलाई। उन्होंने सभी से अनिवार्य व निष्पक्ष रूप से मतदान करने की अपील की है।

राकेश कुमार चोखानी ने कहा कि भारत का संविधान 18 साल या उससे अधिक आयु के हर भारतीय नागरिक को मतदान का अधिकार देता है। मजबूत सरकार के गठन के लिए मतदान करना हम सबका नैतिक कर्तव्य है।

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि मतदान के महत्व को लेकर नेपा लिमिटेड में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत रंगोली, नारा लेखन प्रतियोगिता के माध्यम से स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया है।

ये कर्मचारी किए गए पुरस्कृतः नारा लेखन प्रतियोगिता में आइटी विभाग की प्रशिक्षु कनक एकनाथ गुरव को प्रथम, सामान्य प्रशासन विभाग की खुशी पदराम को द्वितीय तथा कार्मिक एवं प्रशासन विभाग की सुषमा गौर को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। विपणन विभाग के प्रशांत सोनी तथा सतर्कता विभाग के विवेक भागवत को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। रंगोली में काजोल बुगीवाला, सुषमा गौर, लक्ष्मी सेन, सपना दुबे, अदिति कलोसिया, कनक गुरव, प्रियंका गाढ़े, पल्लवी पटेल और तारणी नागवंशी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक विपणन अजय गोयल, उपमहाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत विभाग सुमंत कानफाड़े, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक सतर्कता विभाग एके त्यागी, उप प्रबंधक वित्त एवं लेखा सीएन वर्मा, नेपा मिल श्रमिक संघ के संजय पवार आदि उपस्थित थे।

# नेपा मिल के कर्मचारियों से मतदान की अपील



**दबंग दुनिया ● नेपानगर**

नेपा लिमिटेड के सीएमडी ने मिल कर्मचारियों और अधिकारियों से अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की है। प्रबंधन द्वारा 13 मई को होने जा रहे लोकसभा चुनाव के लिए स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को मतदान हेतु जागरूक किया जा रहा है। इसी तारतम्य में पेपर मिल नेपा लिमिटेड में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक राकेश कुमार चोखानी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मिल के जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया पिछले कई दिनों से मिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में सीएमडी राकेश कुमार चोखानी द्वारा नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक कार्यालय में शुक्रवार को कर्मचारियों और अधिकारियों को शत प्रतिशत मतदान हेतु संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर रंगोली और नारा लेखन प्रतियोगिता के विजताओ को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक विपणन अजय गोयल, उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत विभाग सुमंत कानफाड़े, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक सतर्कता विभाग एके त्यागी, उप प्रबंधक वित्त एवं लेखा सीएन वर्मा, नेपा मिल श्रमिक संघ के संजय पवार सहित मिल के कई अफसर- कर्मी उपस्थित थे।

पत्रिका

लोकसभा चुनावः क्षेत्र में दिनभर चले जागरूकता अभियान, वन विभाग की ओर से भी बाजारों में आदिवासी ग्रामीणों को किया गया जागरूक

# नेपा लिमिटेड में सीएमडी ने दिलाई अफसर, कर्मचारियों को शपथ

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नेपानगर.** लोकसभा चुनाव के लिए 13 मई को मतदान होगा। इस बार मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर सरकारी विभाग प्रयास में जुटा है। नेपा लिमिटेड में सीएमडी ने अफसर, कर्मचारियों को शपथ दिलाई। साथ ही यहां स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियां हुई तो वहीं नगर पालिका की ओर से मतदान केंद्र को सजाया गया, रैली भी निकाली गई। इधर वन विभाग की ओर से हाट बाजारों में आदिवासी समाजजन से मतदान की अपील की गई।



परिषद ने निकाली रैली।

शनिवार को एशिया महाद्वीप की सबसे पुरानी और सबसे बड़ी भारत सरकार की पेपर मिल नेपा लिमिटेड में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक राकेश कुमार चोखानी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न स्वीप गतिविधियों जैसे रंगोली प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता के माध्यम से कर्मचारियों और अधिकारियों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रेरितकिया गया। इस अवसर पर रंगोली और नारा लेखन प्रतियोगिता के विजताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

## इन्हें किया पुरस्कृत

नारा लेखन प्रतियोगिता में आईटी विभाग की प्रशिक्षु कनक एकनाथ गुरव को प्रथम, सामान्य प्रशासन विभाग की खुशी पदराम को द्वितीय तथा कार्मिक व प्रशासन विभाग की सुषमा गौर को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। विपणन विभाग के प्रशांत सोनी, सतर्कता विभाग के विवेक भागवत को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। रंगोली में काजोल बुग्गीवाला, सुषमा गौर, लक्ष्मी सेन, सपना दुबे, अदिति कलोसिया, कनक गुरव, प्रियंका गाढ़े, पल्लवी पटेल, तारणी नागवंशी को सम्मानित किया गया।

## यह रहे मौजूद

इस दौरान नेपा मिल के महाप्रबंधक विपणन अजय गोयलए उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत विभाग सुमंत कानफाड़े, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक सतर्कता विभाग एके त्यागी, उप प्रबंधक वित्तए लेखा सीएन वर्मा, नेपा मिल श्रमिक संघ के संजय पवार सहित मिल के कई अफसर कर्मी उपस्थित थे।



मतदान के लिए दिलाई शपथ।



प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत।

## मतदान केंद्र को रंग, बिरंगे फूलों, बैलून से सजाया

जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर भव्या मित्तल स्वीप नोडल अधिकारी सृष्टि देशमुख के निर्देश पर मतदान क्रमांक 74 पर आओ बूथ सजाएं के कार्यक्रम संपन्न किया गया। महिला बाल विकास की कर्मचारियों द्वारा मतदान केंद्र क्रमांक 74 पर रंगए बिरंगे फूलों, बड़े बड़े बैलून से उसे सजाया गया। दरवाजे पर वंदनवारए रंगोली उकेरकर मतदान का लोगो बनाया गया। उसके बाद नगर पालिका सीएमओ धीरेंद्र सिंह सिकरवार द्वारा सभी को मतदान की शपथ दिलाई गई।